कैबनिेट ने युवाओं के लयि 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' को दी मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

17 मई, 2023 को मुख्यमंत्री शविराज सहि चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबनिेट की बैठक में प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं के लयि 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' (युवा कौशल कमाई योजना) को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बदिु

- इस योजना में 12वीं, आईटीआई, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट पात्र होंगे। योजना के तहत एक साल तक युवाओं को प्रशक्षिण के दौरान 8 से 10 हज़ार रुपए तक दयि जाएंगे।
- योजना के तहत राज्य सरकार ने एक लाख बेरोज़गारों को प्रशक्षिण देने का लक्ष्य रखा है। यदि इससे ज़्यादा बेरोज़गार युवा आते हैं तो उन्हें भी शामलि कयिा जाएगा।
- इसमें एक पोर्टल पर युवाओं को रजसि्ट्रेशन करना होगा। साथ ही अपने एजुकेशनल क्वालफिकिेशन के दस्तावेज, समग्र आईडी, स्थायी नविास प्रमाण-पत्र समेत अन्य जानकारी अपलोड करनी होगी।
- योजना की पात्रता के लयि मध्य प्रदेश का नविासी होना ज़रूरी है। आयु 18 से 29 वर्ष और न्यूनतम शैक्षणकि अर्हता 12वीं पास या आईटीआई ज़रूरी है।
- मुख्यमंत्री शविराज सहि चौहान ने बताया कि योजना के तहत इंजीनयिरगि, इलेक्ट्रॉनकि्स, होटल मैनेजमेंट, टूरज़िम, ट्रेवल, अस्पताल, रेलवे, आईटीआई, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकगि, बीमा, लेखा, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य वत्तिीय सेवाओं के 700 वभिन्नि प्रकार के काम बच्चों को सखिाए जाएंगे।
- यह काम कसिी संस्था, कंपनी, फैक्ट्री, अस्पताल में सखिाए जाएंगे। इस दौरान बच्चों के खातों में सीधे पैसा ट्रांसफर कयिा जाएगा।
- योजना के तहत 12वीं या उससे कम पढ़े-लखिे होने पर 8,000 रुपए प्रतमिाह दयिा जाएगा। आईटीआई पास करने वाले को 8,500 रुपए, डप्लिोमा करने वाले को 9,000 रुपए और डग्रिी या उससे अधकि की पढ़ाई करने वाले को 10,000 रुपए प्रतमिाह दयि जाएंगे।
- तकनीकी शक्षिा, कौशल वकिास वभिाग के अपर मुख्य सचवि मनु श्रीवास्तव ने बताया कि 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' के अंतर्गत कम-से-कम एक लाख युवाओं को प्रतष्ठिानों में प्रशक्षिण कराने के उद्देश्य से एक हज़ार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- इस योजना के अंतर्गत प्रशक्षिण के दौरान युवाओं को 8 से 10 हज़ार रुपए प्रतमिाह स्टाइपेंड प्राप्त होगा। स्टाइपेंड का 75% राज्य शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से भुगतान कयिा जाएगा। प्रशक्षिण के बाद मध्य प्रदेश राज्य कौशल वकिास एवं रोज़गार नर्मिाण बोर्ड की ओर से स्टेट काउंसलि फॉर वोकेशनल ट्रेनगि का प्रमाण-पत्र दयिा जाएगा।

दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-mukhya-mantri-sikho-kamao-yojana-for-the-youth